हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 15 फरवरी 2025



10 नप टीम निर्माण का शिलान्यास करवाने ...






12 लोहारू नगर पालिका कार्यालय में सीएम...







## खबर संक्षेप



### स्वामी दिनेशानंद बने महामंडलेश्वर

**भिवानी।** पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन ने भिवानी के पूर्व विधायक ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी भगवानदेव परमहंस के शिष्य महंत स्वामी दिनेशानंद महाराज को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर खुशी जताई। महामंडलेश्वर बनने के बाद स्वामी दिनेशानंद छोटी कांशी भिवानी पहुंचने पर 16 फरवरी को अखिल भारतीय धर्मसभा, लघु काशी संत एवं विद्वत सभा, श्रीऋषि प्रकाश शर्मा सेवा न्याय ट्रस्ट द्वारा उनका अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। मुकेश रहेजा व मदनलाल शर्मा ने बताया कि स्वामी दिनेशानंद को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर वे पहली बार हांसी गेट स्थित चित्रकूट सत्संग भवन में पहुंचेंगे।

### 21वीं पशुगणना का कार्य अंतिम चरण: उपायुक्त

**चरखी दादरी।** हरियाणा में 21वीं पशु गणना के तहत जिले में पशुओं की गिनती का कार्य किया जा रहा है और विभाग के कर्मचारी घर घर जाकर विभिन्न नस्लों के पशुओं की गणना का कार्य कर रहें है। अगर किसी पशुपालक के घर पर कर्मचारी नहीं पहुंचता है तो उसकी सूचना तुरंत पशुपालन विभाग के उप निदेशक कार्यालय में दें। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने 21वीं पशु गणना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पशु गणना का कार्य हर पांच वर्ष बाद किया जाता है।

### गांव गिगनाऊ में दूसरा बागवारी एक्सपो आज से

**लोहारू।** गिगनाऊ के इंडो इजराइल अर्ध-शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र में उद्यान विभाग द्वारा दूसरे बागवानी एक्सपो-2025 का 15 और 16 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। मेले में 16 फरवरी को प्रदेश के कृषि ,पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। बागवानी विभाग के महानिदेशक डॉ रणवीर सिंह तथा विभागाध्यक्ष डॉ अर्जुन सिंह भी उपस्थित रहेंगे। बागवानी मेले के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश से हजारों किसान मेला में आकर बागवानी फसलों की जानकारी लेंगे। बागवानी मेले में बागवानी के 34 प्रगतिशील किसानों को इनाम स्वरूप 21.21 हजार की राशि दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए इंडो इजराइल अर्ध-शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र के उपनिदेशक डॉ आत्म प्रकाश ने दी।

### छात्राओं को सूर्य नमस्कार के आसनों की दी जानकारी

**लोहारू।** हरियाणा योग आयोग द्वारा चलाए जा रहे राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार अभियान की कड़ी में स्थानीय सावित्रीबाई फुल राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ विचित्र सिंह की अध्यक्षता में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को सूर्य नमस्कार के 12 शक्तिशाली आसनों की जानकारी दी गई और अभ्यास कराया गया। प्राचार्य डॉ विचित्र सिंह ने कहा कि सूर्य नमस्कार सभी योगासनों में सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। इसके निरंतर अभ्यास से शरीर निरोगी एवं स्वस्थ होकर तेजस्वी बनता है। सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योगासनों का एक क्रम है और यह एक संपूर्ण व्यायाम है जिसे शरीर के सभी अंगों में क्रियाशीलता आती है और शरीर के अंग मजबूत होते हैं।

### आदर्श आचार संहिता की पालना करें: एसडीएम

**भिवानी।** नगर पालिका सिवानी आम चुनाव 2025 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए शिकायत सेल की स्थापना की गई है। एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी सिवानी विरेन्द्र सिंह ने बताया कि नगरपालिका सिवानी के आम चुनाव दो मार्च को होंगे। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार सहिता की पालना सुनिश्चित की जाए।

---

पहले नाले व चबूतरे तुड़वाए, पानी की निकासी का कराया स्थाई समाधान

# नप टीम निर्माण का शिलान्यास करवाने पहुंची, सड़क पर जमा मिला सीवर का पानी

## अतिक्रमण बन रहे हैं नालों की पानी की निकासी में रोड़ा: भवानी प्रताप

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी





**भिवानी।** अतिक्रमण को लेकर लोगों से बातचीत करते नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व जिस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाना था,उस सड़क पर जमा पानी का दृश्य। *फोटो: हरिभूमि*

शुक्रवार को नगरपरिषद की पूरी टीम चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह की अगुवाई में बावड़ी गेट इलाके में सड़क के कार्य का शुभारंभ करवाने पहुंची,लेकिन वहां पर सीवर के ओवरफलो होने से सड़क पर दो से ढाई इंच तक पानी जमा था। जिसके चलते सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाने से पहले चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने अतिक्रमण व लोगों द्वारा डाली गई मिट्टी से अवरूद्ध नाले को खुलवाया। इसके अलावा नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। यहां पर करीब दो से ढाई घंटे तक अतिक्रमण व नाले की सफाई का कार्य जारी रहा। यह कार्य मुक्कमल होने के बाद ही सड़क के निर्माण का कार्य शुरू हो पाएगा। दूसरी तरफ चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने लोगों से नाले व सड़कों पर अतिक्रमण न करने की गुजारिश की और कहा कि अतिक्रमण से ही बरसाती व शहर के गंदे पानी के लिए बनाए गए नालों की सांसे बंद हो जाती है। उन्होंने घर के आगे नाले को खुला या फिर उसकी सफाई की जिम्मेदारी खुद लेने का आहवान किया। ताकि गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले अवरूद्ध न हो। बताते है कि चंद्रगिरी स्कूल बावड़ी गेट इलाके में आज एक सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास करवाया जाना था। जिसके लिए सारी तैयारी पूरी की जा चुकी थी। मौके पर नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व नगरपरिषद का पूरा अमला पहुंचा तो वहां पर सीवर से निकलने वाला पानी सड़क पर फैला हुआ था। पानी देखकर चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवान प्रताप सिंह ने सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू करवाने से पहले नाले की व्यवस्था सुधारवाने में जुट गया। उक्त इलाके के नालों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की वजह से अटे हुए है।



**भिवानी।** पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले से अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

### नालों, सड़कों व गलियों में अतिक्रमण न करें

चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शहर के लोगों से गुजारिश की कि वे नालों, सड़कों व गलियों में अतिक्रमण न करे। इनसे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले व नालियां अवरूद्ध होते है। जिससे शहर से निकलने वाला गंदा पानी मेनहोल तक पहुंचने की बजाए सड़क व गलियों में फैलने लगता है। जिससे आमजन को अच्छी खासी परेशानी होती है। उन्होंने शहर के लोगों से अतिक्रमण हटवाने में सहयोग करें।

### नालों पर संगमरमर के चबूतरों से बढ़ी समस्या: भगवानदास

बावड़ी गेट इलाका निवासी एवं समाजसेवी भगवान दास कालिया ने बताया कि जिस सड़क का निर्माण कार्य आज शुरू करवाया जाना था। उस सड़क के साथ बने नालों का पानी सड़क पर जमा होने से कार्य शुरू नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि उक्त नाले पर अनेक जगहों पर लोगों ने संगमरमर के चबूतरें बनाए हुए है। जिस वजह से नालों की सफाई ही नहीं हो पा रही है। उनमें अनेक जगहों पर शिल्ट जमा है। कई लोगों ने नाले पर अतिक्रमण किया हुआ है। उक्त समस्याओं के चलते नालों का पानी आगे नहीं निकल पा रहा है। जब तक अतिक्रमण व चबूतरें नहीं हटेंगे, तब तक नालों का पानी आगे नहीं निकल पाएगा।

---



**भिवानी।** रक्तदाताओं को बैज लगाते विधायक घनश्याम सर्राफ। *फोटो: हरिभूमि*

# प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति करे रक्तदान: सर्राफ

- पुलवामा शहीदों की याद में आईटीआई में लगा छटा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पुलवामा शहीदों की स्मृति में जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक घनश्याम सर्राफ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सर्राफ ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से किसी का भी जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें जितनी रक्त की आवश्यकता है, उतनी मात्रा में लोग रक्तदान नहीं कर रहे हैं। प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने छात्रों से कहा कि वे निश्चित रूप से रक्तदान करें तथा लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि समय समय पर रक्तदान करने से हमारा शरीर तंदुरुस्त रहता है। उन्होंने बताया कि शिविर में आईटीआई स्टाफ सहित विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं न रक्तदान किया। इस दौरान 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण करवाया और आवश्यकता अनुसार 45 यूनिट रक्त लिया गया।

इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथियों के तौर पर फौजी असलापुर भाजपा महासचिव हरियाणा हनुमान कौशिक, अशोक कुमार मौलाहेड़ी, दीपक यादव, विकास भारद्वाज एवं हर्षवर्धन मान उपस्थित थे। कैंप के संचालन में अनुदेशक जेपी श्योराण जिला प्रधान ट्रेनर एसोसिएशन, रजनीश, सुमित कुमार जिला प्रधान बीजेपी समर्थक दल, सुनील सांगवान छपार, सुनील जांगड़ा सुई एवं रविंद्र जांगड़ा का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर शिविर में आईटीआई भिवानी के समस्त स्टाफ एवं छात्र व छात्राएं उपस्थित थे।

---

# अभिभावकों ने प्रदर्शनी को सराहा

- हनुमान ढाणी राजकीय स्कूल में स्टीम मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हनुमान ढाणी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में स्टीम मंच के तहत एससीईआरटी हरियाणा के तत्वाधान में स्टीम मेला आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों ने गणित और विज्ञान विषय के अनेक मॉडल व अन्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई। विज्ञान विषय से जुड़े मॉडल की प्रदर्शनी को बच्चों के अभिभावकों व दर्शकों ने भी खूब सराहा। स्टीम मेले का विद्यालय की प्राचार्या सुनीता सैनी ने अवलोकन कर बच्चों की प्रतिभा को भी सराहा।

उन्होंने कहा कि विज्ञान के प्रति बच्चों की जितनी जिज्ञासा होगी, उतना ही वे विज्ञान के ज्ञान से जुड़ पाएंगे। इसलिए बच्चों के अभिभावकों को भी बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। बच्चों ने प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक सुंदर मॉडल प्रस्तुत किए।



**भिवानी।** गणित व विज्ञान विषय के मॉडल दिखाते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

इस अवसर पर प्राचार्या सुनीता सैनी, एबीआरसी शीला देवी, सतीश शास्त्री, प्रवक्ता विनोद कौशिक, सरोज, नीलम, सुषमा, अमित, भरत अत्री, सुमन, प्रोमिला डीपीई व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

---

# एसपी ने दिलाई नशा न करने की शपथ

- नशा मनुष्य व समाज दोनों के लिए हानिकारक: एसपी अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत वीरवार को देर शाम गांव प्रेमनगर में नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल मुख्यतिथि तथा अध्यक्षता डीएसपी हैडक्वार्टर आर्यन चौधरी ने की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने नशे के दुष्परिणामों पर शानदार लघु नाटिका प्रस्तुत की।

नशे पर जोरदार प्रहार करने वाली नाटिका की मुख्यतिथि एसपी नितिश अग्रवाल ने जमकर सराहना की तथा कुछ ही समय में इसकी तैयारी करने वाले अध्यापक सुदेश कुमार को बधाई दी। मुख्यतिथि एसपी अग्रवाल ने कहा कि नशा चाहे किसी भी प्रकार का हो, वह मनुष्य और समाज दोनों के लिए ही हानिकारक है। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया और ग्रामीणों से अपने आस-पास के लोगों को नशे के विरूद्ध प्रेरित करने का अनुरोध किया। एसपी ने उपस्थित ग्रामीणों को नशा ना करने की शपथ भी दिलाई। मुख्यतिथि ने साईबर अपराध से बचने की भी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने गांव के सरपंच राजेश कुमार की पीठ थपथपाते हुए सराहना की और गांव के विकास के लिए हरसंभव सहायता करने का आश्वासन दिया। सरपंच राजेश ने मुख्यतिथि का स्वागत व आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मंच संचालन पूर्व प्राचार्य रमेश बूरा ने किया।




**भिवानी।** नशा मुक्त कार्यक्रम के दौरान मिमिक्री की प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सदर थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार, सरपंच राजेश बूरा, पूर्व निरीक्षक आजादसिंह ढांडा, कैप्टन कलमसिंह ढांडा, संजय नंबरदार, पूर्व प्राचार्य राजकुमार ढांडा, कुलदीप मास्टर, दलबीर मैनेजर, संदीप रेलवे, संदीप सिंह, रविंद्र, प्रदीप, जयपाल बूरा, राजेंद्र दुहन पंच, कोच राजकुमार दुहन, बिंद्र बूरा, जोगेंद्र बूरा, मुख्याध्यापिका सारिका, राममेहर सिंह, नवीन आदि मौजूद रहे।

---

# नारी उन्नत समाज की नींव: प्रोफेसर अनीता

- राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में विस्तार व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** छात्राओं को संबोधित करती सेवानिवृत प्रोफेसर अनीता बिबयान। *फोटो: हरिभूमि*

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला व विधिक सेवा शिक्षा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें मुख्य वक्ता की भूमिका में एडवोकेट व सेवानिवृत्त प्रोफेसर अनीता बिबयान ने शिरकत की और छात्राओं को महिला सशक्तिकरण में मानवीय मूल्य और संवेदनशीलता का महत्त्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने बताया कि सुसंस्कृत, समर्थ और शिक्षित नारी समाज निर्माण में सहायक होती है, क्योंकि वह अधिकारों के प्रति सजग व कर्त्तव्यनिष्ठ होती है। आज विश्व फलक पर नारी स्वयं को प्रमाणित कर रही है, ये गर्व का विषय है, मगर विचारणीय विषय भी हमारे सम्मुख ज्वलंत मुद्दा बनकर उभरा है जो भारतीय संस्कृति और दर्शन पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। पारिवारिक स्तर बिखराव, दिनों-दिन टूटते संबंधों से उत्पन्न अवसाद विकास को खोखला साबित कर रहा है। प्राचार्य त्रिलोकचंद ने अतिथि वक्ता, छात्राओं व प्रकोष्ठ का अभिनंदन व आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी किसी भी उन्नत समाज की नींव होती है। संस्कृतियों के जन्म और विकास में नारी की सजगता, तत्परता और परिश्रम ही प्रमुख तत्त्व रहे हैं, हमें गार्गी, अहिल्या, सावित्री, दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी रूपा नारी की प्रतिष्ठा को सदैव स्मरण रख उसे सम्मान देना चाहिए। मंच संचालन का दायित्व प्रोफेसर भामा अग्रवाल ने निभाया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महिला व विधिक सेवा शिक्षा प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रोफेसर मोनिका एवं प्रोफेसर मुकेश, मीडिया प्रभारी प्रोफेसर अनिल, प्रोफेसर बबीता, डॉ. रेणुबाला, प्रोफेसर मोनिका, प्रोफेसर सरोज, प्रोफेसर अनिता आदि मौजूद रही।

---

# चार विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

- सरस्वती स्कूल कादमा के होनहारों ने जेईई मैन में मनवाया प्रतिभा का लोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

कादमा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के चार छात्रों ने जेईई मैन 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए स्कूल निदेशक ने बताया कि एनटीए द्वारा जारी किए गए जेईई मेंस परीक्षा परिणाम में प्रियांशु ने 99.38, आयुष ने 96, निश्चय शर्मा ने 95 व रवि ने 94.98 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय एवं दादरी जिले का नाम रोशन किया है।

विद्यालय की प्राचार्या निशा शर्मा ने इन छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी इसी तरह परिश्रम और समर्पण से नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे। स्कूल में पहुंचने पर चारों मेधावी छात्रों का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। स्कूल निदेशक मुन्ना लाल शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह केवल एक परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि आपके उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ाया गया एक मजबूत कदम है।




**चरखी दादरी।** छात्र को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ। *फोटो: हरिभूमि*

---

नामांकन पत्र लेने के लिए अंतिम तिथि 17 फरवरी

# नगर पालिका चुनाव के लिए दो नामांकन आए

- वार्ड नं 10 बीसी ए वर्ग में एक तथा वार्ड नंबर 12 अनुसूचित जाति वर्ग में एक नामांकन पत्र हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा





**बवानीखेड़ा।** रिटर्निंग अधिकारी के पास नामांकन पत्र दाखिल करते हुए व तहसील में तैनात कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम महेश कुमार ने बताया कि आज शुक्रवार को नगर पालिका वार्ड पार्षद के लिए दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। जिसमे वार्ड नं 10 बीसी ए वर्ग में एक तथा वार्ड नंबर 12 अनुसूचित जाति वर्ग में एक नामांकन पत्र हुआ है। मनीषा ने वार्ड नम्बर 10 से और सुमन लता ने वार्ड नम्बर 12 अपना पर्चा दाखिल किया है। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिका चुनाव के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोडक़र सभी कार्य दिवस पर नामांकन दाखिल करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच का कार्य किया जाएगा। नगर पालिका चुनाव के लिए नामांकन पत्र आवेदन करने वाले प्रत्याशी 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से सांय 03 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं, वहीं 19 फरवरी को दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। आगामी 02 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी। फोटो कैप्शन- रिटर्निंग अधिकारी महेश कुमार नामांकन पत्र लेते हुए।

---

# नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन चार नामांकन पत्र दाखिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

लोहारू के नगर पालिका चुनाव 2025 के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन चार नामांकन पत्र दाखिल हुए। एक अध्यक्ष पद के लिए एक और तीन वार्ड पार्षद पदों के लिए कुल चार उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि प्रधान पद के लिए प्रदीप सैनी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि वार्ड पार्षद के लिए वार्ड नंबर 3 से सुरेंद्र कुमार, वार्ड नंबर 7 से सुमेर सिंह तथा वार्ड नंबर 9 से रवि अग्रवाल ने अपना नामांकन दाखिल किया है। एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि नामांकन 17 फरवरी तक दाखिल कर सकते हैं। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### ये रहे मौजूद

नामांकन प्रक्रिया के दौरान तहसीलदार नवनीत, नायब तहसीलदार शेखर नरवाल,नगर पालिका सचिव तेजपाल तंवर, दीपक शर्मा, श्याम सुंदर सांगवान, प्राचार्य डॉ हीरा लाल,अनिल कुमार मेचू और जयवीर गिल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### नशा एक सामाजिक अभिशाप : एसपी

**बवानीखेड़ा।** नशा ऐसी बीमारी है जो अंदर ही अंदर मानव शरीर को खोखला बना देती है । यह हमें तथा अपने बच्चों को नहीं करना चाहिए। जिससे आगे चलकर नशे के कारण परिवार का पतन होना निश्चित है। यह जानकारी कस्बा स्थित पुलिस स्टेशन में उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक भिवानी नीतीश अग्रवाल ने कहे। उन्होंने कहा कि नशा करने वाला कभी किसी का नहीं होता। उसके लिए केवल नशा ही सब कुछ होता है तथा वह अपने परिवार माता-पिता पत्नी बच्चों आदि को भूलकर नशे की ओर बढ़ता जाता है।



### नशा मुक्ति के लिए राजयोग मेडिटेशन रामबाण औषधिः वसुधा

**भिवानी।** नशा मुक्ति के लिए राजयोग मेडिटेशन रामबाण औषधि है, मेडिटेशन हमें आंतरिक रूप से सशक्त बना मनोबल को बढ़ाता है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मेडिकल प्रभाग एवं भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र कादमा-झोझूकलां द्वारा मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान में कादमा के बस स्टैंड व मुख्य गलियों में नशा मुक्ति यात्रा व झांकी निकाल जीवन को दिव्य गुण और शक्तियों से भरने का संदेश दिया।



### छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साइबर क्राइम ब्रांच भिवानी से विष्णु सिंह एवं उनके सहयोगी सी.टी राहुल ,देवा एवं आर.बी.आई से स्वीटी शर्मा पधारे। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बारे में बहुत-सी जानकारी दी। सबसे पहले उन्होंने विद्यार्थियों को इंटरनेट और सोशल नेटवर्किंग के बारे में सावधान करते हुए बहुत महत्वपूर्ण बातें बताई।

### विधवा सेल की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में विडो सेल की ऑनलाइन मासिक समीक्षा बैठक आयोजन हुई। बैठक में सीजेएम पवन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने जिला स्तर पर विडो सेल सिस्टम के तहत विधवा महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने व उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने की समीक्षा की। सीजेएम ने निर्देश दिए कि विडो सेल की मदद से महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारें।

## आतंकवाद के अलावा युवा पीढ़ी में बढ़ता नशे का प्रचलन देश का दुश्मन: गौड़

# चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप ने पुलवामा हमले में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

### चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के रोवर्स व रेंजर्स ने नशामुक्ति रैली निकाल बताए नशे के दुष्प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार को हरियाणा राज्य भारत स्काउट गाइड की शाखा चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ व ग्रुप लीडर सागर ने की। वहीं मंच संचालन अस्सिटेंट ग्रुप लीडर अमित कुमार, सह ग्रुप लीडर अंकित व श्रीमहावीर जैन स्कूल की प्राचार्या एवं गाइड रेंजर कैप्टन पुष्पा देवी ने किया। इस मौके पर सीनियर रोवर नितेश एवं रोवर ध्रुव, रोवर हर्ष, रोवर हिमांशु भाटी, रोवर विजय अहीरवाल व अतिथियों ने शहीदों के चित्रों के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करवाए तथा रीच अर्पित करवाएं। कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों की याद में पुष्पांजलि अर्पण से हुई। इसके उपरांत उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद ग्रुप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ ने हरी झंडी दिखाकर नशा मुक्ति रैली को रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान कलाकार संजय व हिमांशु व बच्चों ने शहीदों को याद कर रागनी प्रस्तुत की। ग्रुप लीडर सागर ने बताया कि नशामुक्ति रैली चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के कार्यालय से शुरू हुई जो वैश्य कॉलेज, घंटाघर, हांसी गेट, बिचला बाजार होते हुए कार्यालय पर ही संपन्न हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा के दुष्प्रभाव बताना था, क्योंकि आज नशा युवा पीढ़ी के साथ-साथ देश के भविष्य को भी अंधकार की ओर धकेल रहा है। वहीं ग्रुप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ व ग्रुप लीडर सागर ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को 40 बहादुर जवान पुलवामा आतंकी हमले शहीद हुए थे।



**भिवानी।** चंद्रशेखर आजाद ओपन गुरप ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि। *फोटो: हरिभूमि*



### शहीदों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहेः जोगेंद्र तालु

**भिवानी।** पुलवामा हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार को ग्राम स्वराज किसान मोर्चा द्वारा कस्बा तोशाम की अनाजमंडी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। मोर्चा के सदस्यों ने 14 फरवरी को काले दिवस के रूप में मनाया तथा शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीद अमर रहे के नारे लगाए। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को शहीदों के विचारों को अपनाने एवं उनकी शहादत से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है, ताकि उनमें भी देश सेवा का जज्बा उत्पन्न हो। गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं गीता पढ़ो-पढ़ाओ अभियान के संचालक महेंद्र सिंह गोदारा व रूघबीर भेरा ने कहा कि आज शहीदों की शहादत की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं।



### महानायक संतराम और पुलवामा के शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**भिवानी।** नेहरू पार्क में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शुक्रवार को महानायक संतराम बीए की 138वीं जयंती मनाई एवं पुलवामा हमले के शहीदों को नमन किया। संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुलवामा हमले के 42 शहीदों के नाम से 42 द्वीप तथा महानायक संतराम बीए के नाम से एक द्वीप प्रकोशोत्सव के रूप में जलाया। समाजसेवी गणेशीलाल वर्मा, कामरेड ओमप्रकाश, सुरेश प्रजापति, देवराज मेहता, दलबीर उमरा, पार्षद विनोद प्रजापति ने कहा कि महानायक संतराम बीए का जन्म पंजाब के होशियारपुर के बस्सी गांव में रामदास कुम्हार व मालिनी देवी के घर 14 फरवरी 1887 को हुआ था। संतराम बीए ने युगांतर उषा आर्य मुसाफिर भारतीय आदि पत्रिकाओं का संपादन कर उस दौर में समाज सरोकार की पत्रकारिता को धार देकर वर्णवादियों से लोहा लिया।

### भाजपाइयों एवं युवाओं ने पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि की अर्पित



**भिवानी।** मेरे देश के तिरंगे को कभी झुकने नहीं दूंगा, ऐसा संकल्प मन में रखकर देश के लिए अपना सब कुछ समर्पण करने वाले देश के वीर जवानों की बहादुरी पर आज पूरा देश को गर्व है। 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आतंकवादी हमले की दूसरी बरसी पर हमले में शहीद हुए वीर जवानों को देश भावभीनी श्रद्धांजलि दे रहा है। भाजपाइयों एवं युवाओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि राष्ट्र आज पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को याद कर रहा है। इस अवसर पर अशोक तिगड़ी, रोहित, आयुष व रमन ने पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### पुलवामा शहीदों की याद में लगाए शिविर में 45 ने किया रक्तदान

**भिवानी।** पुलवामा हमले में शहीद हुए शहीदों की स्मृति में शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में आईटीआई स्टाफ सहित विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं ने रक्तदान कर जरूरतमंदों का जीवन बचाने की मुहिम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। शिविर में रक्तदान के लिए 50 युवाओं ने अपना पंजीकरण करवाया, लेकिन ब्लड बैंक की आवश्यकता अनुसार 45 यूनिट रक्त ही लिया गया। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि पहुंचे विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए, हमें जितनी रक्त की आवश्यकता है, उतनी मात्रा में लोग रक्तदान नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते ब्लड बैंकों में रक्त की कमी है, इसलिए ब्लड बैंकों में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए प्रत्येक जन को आगे आना होगा।



### छात्रा टीना ने देशभक्ति पर कविता की प्रस्तुति दी

**भिवानी।** पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए बदलाव समाज कल्याण द्वारा शुक्रवार को चौधरी बंसीलाल पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि दिनोद गेट चौकी इंचार्ज मनीष वालिया व राजेश श्रीवास्तव ने शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता बदलाव समाज कल्याण के प्रधान श्यामपाल ने की। कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके की। इसके उपरांत प्रसाद वितरित किया। इसके बाद शहीद वीरांगना गोमती देवी को शॉल भेंटकर अतिथिगणों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की दौरान छात्रा टीना ने देशभक्ति पर कविता की प्रस्तुति दी।



### आदर्श विद्यालय में पुलवामा हमले के शहीदों को किया नमन

**चरखी दादरी।** बौंदकलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को पुलवामा हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि श्रद्धांजलि दी। विद्यालय निदेशक प्रताप सिंह यादव, प्रधानाचार्य कृष्णदत्त, एनसीसी इंचार्ज कंवर सिंह यादव व विद्यार्थियों ने शहीदों के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया। विद्यार्थियों ने कविता व देश भक्ति गीतों से शहीदों को याद किया। निदेशक यादव ने कहा कि पुलवामा हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया था, ये घटना न केवल हमारे दिलों में गहरी पीड़ा छोड़ गई, बल्कि हमें एकजुट होकर अपने वीर सैनिकों के बलिदान को नमन करने की सीख भी दी। इस कायराना हमले में 40 वीर सीआरपीएफ जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे वाहन को हमारे सैनिकों के काफिले से टकरा दिया।



### कैंसर पीड़ितों के लिए 72 युवाओं ने किया रक्तदान

**भिवानी।** पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने एवं कैंसर पीड़ितों की मदद के के उद्देश्य से शहीद भगतसिंह युवा क्लब के सौजन्य से गांव कुंगड़ खेड़ी स्थित वीर शहीद सत्यवान सिंह राजकीय प्राथमिक पाठशाला में रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर के आयोजक सुरेंद्र कुंगड़ व कुलवंत कुंगड़ ने बताया कि रक्तदान शिविर में 72 युवाओं ने रक्तदान किया तथा एआईएमएमएस बाढ़सा झज्जर की टीम कैंसर पीड़ितों के लिए रक्त एकत्रित किया। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्यतिथि शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा, विशिष्ट अतिथि फौजी भाई चारा ग्रुप से दीपक फौजी व नवीन सरपंच सहित संगठन सदस्यों ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करके किया। रक्तदान शिविर की अध्यक्षता गांव के नवीन सरपंच ने की। मुख्यतिथि शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने कहा कि जरूरतमंदों के लिए हर समय तत्पर रहना चाहिए। रक्तदान महादान है इससे बड़ा कोई दान नहीं है, रक्त का कोई विकल्प नही होता।




### बालिकाओं ने देशभक्ति गाने पर मोहक नृत्य प्रस्तुत किया

**चरखी दादरी।** कान्हड़ा स्थित श्रीराम पब्लिक स्कूल में पुलवामा हमले के शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने लघु नाटक के माध्यम से अमर शहीदों को याद किया। नाटक की प्रस्तुति ने आंखों को नम कर दिया। कक्षा प्रथम की बालिकाओं ने देशभक्ति गाने पर मोहक नृत्य प्रस्तुत किया।



## तीन लाख बच्चों व आमजन को करवाया सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग हरियाणा के दिशा-निर्देशों पर उपायुक्त महाबीर कौशिक के सान्निध्य में हर घर परिवार सूय नमस्कार अभियान के तहत आयुष विभाग भिवानी द्वारा जिला के स्कूलों, व्यायामशालाओं, आयुष डिस्पैंसरियों व सार्वजनिक स्थलों पर आयुष विभाग के सभी 71 योग सहायकों द्वारा पूरे जिले में 3 लाख 9 हजार 657 लोगों व बच्चों को इस अभियान के तहत हरियाणा योग आयोग के पोर्टल पर रजिस्टर करवाया तथा योग के महत्व को समझाया व सूर्य नमस्कार करवाया यगा। यह अभियान 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती से लेकर 12 फरवरी स्वामी दयानंद की जयंती तक चलाया गया। आयुष विभाग भिवानी ने एक माह के दौरान दिए गए लक्ष्य से 3 गुणा रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर करवाए । इसके लिए जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. रश्मि शर्मा व जिला आयुष योग कोर्डिनेटर डा. संजय वैद ने सभी 71 योग सहायकों की मीटिंग लेकर दिशा-निर्देश दिए थे तथा सभी का लक्ष्य निर्धारित किया था। आयुष योग सहायक गजानंद शास्त्री, कविता अहलावत, अशोक व संतोष कुमारी को ब्लॉक वाईज जिम्मेवारियां सौपी गई थी।

# साइबर ठग अपना रहे नए हथकंडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में डीएलएसए चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश देश राज चालिया के दिशा निर्देशन व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार व पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता एवं कुलसचिव डॉ भावना शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में साइबर जागरूकता कार्यक्रम एवं विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर वक्ता साइबर पुलिस थाना भिवानी से विष्णु सिंह, मधुबन से सन्नी त्यागी व सीएफएल से श्रीमति स्वीटी शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक जिला कॉर्डिनेटर डॉ रविप्रकाश थे। सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो डीके मदान ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रो रविप्रकाश ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा साइबर क्राइम और इससे बचाव पर विस्तृत विचार रखे। स्थानीय साइबर पुलिस थाना से विष्णु सिंह ने कहा कि साइबर सेल द्वारा स्कूल,कॉलेजों के साथ साथ आम नागरिकों को साइबर ठगी एवं साइबर क्राइम से बचाव के प्रति जागरूक करने लिए इस तरह के जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बतौर वक्ता सन्नी त्यागी ने कहा कि जानकारी के अभाव में साइबर ठग आम नागरिकों को अपना शिकार बना रहे हैं। साइबर ठग लोगों को ठगने के लिए नित नए हथकंडे अपना रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाना, इनवेस्टमेंट के नाम पर लिंक भेजकर ठगना, ऑनलाइन लोन, गेम्स लिंक,वर्क फ्रॉम होम या ओनलाइन जॉब का लालच देकर भोले भाले लोगों को ठगा जा रहा है। इस प्रकार के साइबर अपराधों की शिकायत 1930 पर तुरंत करें। सोशल मीडिया का प्रयोग सजग एवं सतर्क होकर करें। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर ठगी एवं साइबर सिक्योरिटी के प्रति जागरूकता के टिप्स दिए। इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता केंद्र,आरोह फाउंडेशन से स्वीटी शर्मा ने कहा कि अपनी बैंक डिटेल किसी से साझा नहीं करें।



**भिवानी।** सीबीएलयू में छात्रों को संबोधित करते एक वक्ता। *फोटो: हरिभूमि*


मार्केट न्यूज

### एमके हॉस्पिटल के द्वारा भिवानी में पहली बार हॉफ मैराथन का आयोजन 16 फरवरी को

भिवानी के इतिहास में पहली बार हॉफ मैराथन का आयोजन एमके हॉस्पिटल व श्री हरि हेल्थ एंड एजुकेशन फाऊंडेशन के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें 21.1 किलोमीटर हॉफ मैराथन, 10 किलोमीटर टाईम्ड रन, 5 किलोमीटर कैंसर केयर रन 3 भागों में आयोजित होंगी। लगभग 2000 से अधिक प्रतिभागियों के द्वारा अभी तक नामांकन कराए जा चुके हैं । रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 फरवरी सुबह 10 बजे तक है उसके उपरान्त सुबह 10:30 से सभी प्रतिभागियों को चेस्ट नंबर एवं अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की जाएगी । 16 फरवरी को प्रातः 6:30 बजे मैराथन की शुरुआत हरी झंडी दिखा कर की जायेगी। मैराथन एमके हॉस्पिटल से प्रारंभ होकर रोहतक गेट, महम गेट, बड चौक,कालूवास, नथुवास, निनान होते हुए एमके हॉस्पिटल पहुंचेंगे ls हॉफ मैराथन में कॉमनवेल्थ गेम्स रेसलिंग में ब्रॉन्ज मेडल विजेता मोहित ग्रेवाल, फेमस रेडियो जॉकी आरजे रॉकी एवं अन्य जानी मानी हस्तियां मैराथन में अपनी हिस्सेदारी निभाएंगे । एमके हॉस्पिटल भिवानी के आयोजकों ने बताया कि मैराथन का आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य एवं खेल को बढ़ाना है एवं उन्होंने अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक मैराथन में अपनी हिस्सेदारी निभाएं एवं भिवानी को स्वस्थ भिवानी और स्वच्छ भिवानी बनाएं।

**अंग्रेजी ओलंपियाड में बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शनः भिवानी।** के. एम. पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड 2024-25 प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित की गई थी।


## संस्कृति एवं संगीत के पुरोधा धर्मवीर नागर को किया सम्मानित

# धोखा कर लूट लिया इंद्र-इंद्राणी नै, छोड़ चली...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव बौंदकलां में बाबा चंद्रदास धाम पर 15 फरवरी शनिवार को होने वाले मेले व भंडारे के उपलक्ष्य में दो दिवसीय सांग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के प्रवक्ता संस्कृति एवं संगीत के पुरोधा 75 वर्षीय धर्मवीर नागर को मेला कमेटी व ग्रामीणों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं नोटो की माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान धर्मवीर नागर ने ग्रामीणों की मांग पर अपने मधुर स्वर में शकुंतला दुष्यंत किस्से की रागनी धोखा करके लूट लिया, इंद्र इंद्राणी न, छोड़ चली जब हुर मेनका, प्रेम निशानी न आदि रागिणी सुनाई।



**भिवानी।** गांव बौंदकलां में संस्कृति एवं संगीत के पुरोधा धर्मवीर नागर को सम्मानित करते आयोजक। *फोटो: हरिभूमि*

### धर्मवीर नागर हमारे लिए प्रेरणास्रोत

मेला कमेटी प्रधान सुबेदार गंगा सिंह ने कहा कि धर्मवीर नागर हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं, आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए तथा हमारी संस्कृति को अपनाना चाहिए। संस्कृति गौरव अवार्डी कप्तान सिंह बिसानिया ने धर्मवीर नागर का नोटो की माला पहनाकर स्वागत किया। बिसानिया ने कहा कि सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद की शिक्षाओं को युवा पीढ़ी के जीवन में ढालने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। बतौर विशिष्ट अतिथि म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने कहा कि सांग हमारी प्राचीन सभ्यता, संस्कृति, संगीत और संस्कारों का समावेश है, सांग एक ऐसी विधा है जो समाज को जगाने और जोड़ने का काम करता है। चिरकाल से सांग मनोरंजन के साथ-साथ राजाओं-महाराजाओं के किस्से कहानी पर आधारित सांग के माध्यम से ऐतिहासिक बातों से रूबरू करवाना उसी को सांग कहते हैं। इस अवसर पर मेला कमेटी के उपप्रधान जयबीर, एडवोकेट देवेन्द्र सिंह, कवि रोहतान सिंह, कृष्णसिंह बिसानिया, सुले गोठड़िया, सुबेदार अशोक शर्मा, एडवोकेट हरिओम शर्मा, बलजीतसिंह, चावंडी राजस्थान के सांगी बाबू दानसिंह चौहान, राजेश तूफान, विक्की राजस्था आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में नियुक्त होंगे संस्कार टीचर

- नए सत्र से होगी नियुक्तियां, जल्द होगा विज्ञापन जारी

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

नई शिक्षा नीति के तहत जल्द ही विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति होगी। जिससे बेरोजगारी पर लगाम लगेगी और युवाओं को रोजगार मिलेगा। केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ ने कहा है कि नई शिक्षा नीति के तहत जल्द ही हरियाणा प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में संस्कार अध्यापक भी नियुक्त किए जाएंगे। ये अध्यापक स्कूल एजुकेशन और साक्षरता मिशन भारत सरकार के विशेष प्रोजेक्ट के तहत मिनिस्ट्री आफ कल्चर अफेयर भारत सरकार व देश की एक नामी संस्था के तत्वावधान में सभी प्राइमरी स्कूलों में नियुक्त किए जाएंगे। इसके लिए सिलेबस भी तैयार किया जा रहा है।

### यह है योग्यता

केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ के अनुसार इन पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 12 वीं कक्षा पास गई है। साथ ही आवेदक की आयु प्रदेश में नियुक्ति नियमों के अनुरुप 18 से 42 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। हालांकि एससी, एस.टी. या भूतपूर्व सैनिकों या उनके आश्रितों, स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को इसमें तीन वर्ष की छूट रहेगी।


**सूचना**

मैं, रणधीर सिंह पुत्र श्री अमर चन्द निवासी अलखपुरा, तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरी पुत्री मन्जू के कागजातों में मेरा नाम रणधीर सिंह दर्ज है और मेरे कागजातों में मेरा नाम रणधीर दर्ज है। रणधीर सिंह और रणधीर इन दोनों नाम का मैं एक ही व्यक्ति हूं।

**सूचना**

मैं, सचिन सिंगला पुत्र श्री रघुनंदन सिंगला निवासी बाग कोठी, गली न. 3 लोहड बाजार, भिवानी बयान करता हू सचिन सिंगला और सचिन कुमार सिंघल दोनों मेरे ही नाम है। अब मैंने अपना नाम सचिन सिंगला रख लिया है। भविष्य में मुझे सचिन सिंगला के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मैं, दर्शना पत्नी श्री रणधीर सिंह निवासी अलखपुरा, तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी बयान करती हूं कि मेरी पुत्री मन्जू के कागजातों में मेरा नाम दर्शना देवी दर्ज है और मेरे नाम की स्पेलिंग Darshana Devi दर्ज है, जोकि गलत है। मेरे कागजातों के अनुसार मेरा सही नाम दर्शना है और दर्शना के नाम की स्पेलिंग Darshna है। दर्शना और दर्शना देवी इन दोनों नामों की मैं एक ही औरत हूं।

## खबर संक्षेप



### बाइक चोरी मामले में आरोपी को पकड़ा

**चरखी दादरी।** दादरी पुलिस ने बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास चोरी की बाइक भी बरामद की है। तोशाम निवासी चिराग ने पुलिस को बाइक चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई अनिल कुमार ने बाइक चोरी के आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की पहचान कितलाना निवासी संदीप के रूप में हुई है। आरोपी से चोरी की एक बाइक बरामद हुई है।



### चकबंदी कार्यों का निरीक्षण करें एसडीएमः उपायुक्त

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने संबंधित एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में चकबंदी के कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के डीआरडीए हाल में जिला के विभिन्न गांव में की जा रही चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। महावीर कौशिक ने कहा कि प्रत्येक एसडीएम अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले गांव में चकबंदी के कार्यों का जायजा लेंगे और इस बारे हर 15 दिन में बैठक आयोजित करके प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। बैठक में उपायुक्त महावीर कौशिक ने चकबंदी के कार्य में लगे सहायक चकबंदी अधिकारियों से एक-एक करके प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि चकबंदी के कार्य को पूर्ण गंभीरता के साथ पूरा किया जाए। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी सुरेश कुमार, सहायक चकबंदी अधिकारी व पटवारी आदि मौजूद थे।

### क्षमता के आधार पर लगेगा एकमुश्त शुल्कः कौशिक

**भिवानी।** प्रदेश सरकार ने राज्य में संचालित कोल्ड स्टोरेजों की क्षमता के आधार पर एकमुश्त शुल्क की दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया है। अब 2000 मीट्रिक टन तक या इससे कम क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेजों पर 35 हजार रुपये प्रति कोल्ड स्टोरेज की दर से एकमुश्त शुल्क निर्धारित किया जाएगा। 2001-5000 मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेजों पर 55 हजार रुपये प्रति कोल्ड स्टोरेज तथा 5001 मीट्रिक टन या इससे अधिक क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेजों पर 70 हजार रुपये प्रति कोल्ड की दर से एकमुश्त शुल्क निर्धारित किया जाएगा।

## टीम ने सफाई कर्मचारियों की ली क्लास, जांचा रिकॉर्ड

# लोहारू नगर पालिका कार्यालय में सीएम उड़नदस्ते की टीम का छापा

- टीम ने कहा : करेंगे उचित कार्रवाई
- संबंधित अफसरों को नोटिस जारी करेंगे
- तुलाई किए जाने वाले धर्म कांटे का भी निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू



**लोहारू।** रिकार्ड की जांच करते सीएम फ्लाइंग दस्ते के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

शहर में सफाई व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों की जांच को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने स्थानीय नगरपालिका कार्यालय में छापा मारा और रिकार्ड खंगाला। इस दौरान उन्होंने शहर में सफाई व्यवस्था के लिए अलॉट किए टेंडर, सफाई उपकरणों की जांच की तथा सफाई कर्मचारियों से भी पूछताछ की। टीम के सदस्यों ने सफाई व्यवस्थाओं में अनियमितताएं होने की बात कही तथा कहा कि इसके लिए वे संबंधित अधिकारियों को नोटिस भी जारी करेंगे। उक्त छापामार कार्रवाई से कर्मचारियों में हडक्रंप मच गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे तीन सदस्यीय सीएम उड़नदस्ते की टीम ने स्थानीय नगरपालिका कार्यालय में छापा मारा। टीम में एसआई राजीव, एसआई रामकिशन व एसआई देवेंद्र सिंह शामिल बताए गए हैं। जिन्होंने सबसे पहले हाजिरी रजिस्टर की जांच की। टीम के सदस्यों ने बताया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए के टेंडर जारी कर रखे हैं तथा उसी की जांच के लिए यह टीम पहुंची थी। उन्होंने बताया कि कचरा निस्तारण में लगे हुए ट्रैक्टर, उपकरणों की जांच की गई है तथा कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई है। इसके अलावा कचरा निस्तारण के लिए बनाए गए डंपिंग स्टेशन और कचरे के पृथक्करण के बाद उसकी तुलाई किए जाने वाले धर्म कांटे का भी निरीक्षण किया गया है। जहां कोई सीसी टीवी कैमरे नही लगे थे। यहीं नही सफाई व्यवस्था से जुड़े सभी दस्तावेजों और बिलों की जांच की गई। इस मौके पर नपा सचिव तेजपाल सिंह, जेई कृष्ण सैनी, सुरेंद्र सैनी सहित नपा कर्मचारी स्टाफ मौजूद था।

### सफाई को लेकर नपा प्रशासन मुस्तैद : तेजपाल

नगर पालिका सचिव तेजपाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह सीएम फ्लाइंग ने छापा मारा और सबसे पहले हाजिरी रजिस्टर जांचे तथा सभी कर्मचारी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि सीएम फलाइंग ने डोर टू डोर कचरा निस्तारण योजना संबंधी दस्तावेजों की जांच की तथा सफाई कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि जिस धर्मकांटां पर कचरा की तुलाई की जाती थी, वहां सीसी टीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। यहीं नही सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कचरा निस्तार करने वाली कंपनी को नोटिस भी दिए जाते हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नपा प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है तथा टीम के द्वारा दिए गए सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाएगी।



**भिवानी।** प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी खिलाड़ी।

# दादरी के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास, जीते सात मेडल

- 38वें राष्ट्रीय खेलों में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में आर्यन स्वीमिंग स्विमिंग एकेडमी के 4 खिलाड़ियों ने 7 मैडल हासिल कर जिले का नाम देश रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन 26 जनवरी से 13 फरवरी तक किया गया था। एकेडमी के कोच चन्द्रप्रकाश ने बताया कि एकेडमी के खिलाड़ी अंकुर चाहार, हीना फोगाट, अमन चाहार व अंशिका जाखड़ ने ट्रायथलोन व माडर्न पेंटाथलॉन खेल में भाग लेते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया और कुल सात मेडल प्राप्त किए।

कोच चन्द्रप्रकाश ने बताया कि अंकुर पहले भी नेशनल गेम में सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर चुका है और अब 38वें नेशनल गेम में हिस्सा लेते हुए ट्रायथलोन खेल में सिल्वर मेडल हासिल किया है। दादरी निवासी हिना फोगाट 10 साल से ट्रायथलोन व मॉडर्न पेंटाथलॉन का अभ्यास कर रही है, जो कई नेशनल चैंपियनशिप में मेडल हासिल कर चुकी है। अब नेशनल गेम्स उत्तराखंड में गोल्ड व ब्रांज मेडल लेकर दादरी का नाम सुनहरे अक्षरों में अंकित किया है। अमन चाहार अपने पिता कोच चन्द्रप्रकाश के पास प्रेटिक्स करता है। जिसने उत्तराखंड में गोल्ड मेडल हासिल किया है। अंशिका ने गोल्ड व दो सिल्वर मेडल हासिल कर दादरी का नाम गौरवान्वित किया है। अंकुर और अमन चाहार दोनों सगे भाई हैं और दोनों ने अपने शानदार प्रदर्शन से जिले का मान बढ़ाया है। आर्यन स्विमिंग एकेडमी के संचालक फोगाट ने इन होनहार खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हमें गर्व है।



### नशीला पदार्थ रखने के दोषी को साल का कारावास और जुर्माना

**भिवानी।** एडीशनल सेशन जज भिवानी की अदालत ने आरोपी को 10 ग्राम 30 मिलीग्राम स्मैक व हेरोइन रखने के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए उसे 05 वर्ष की कारावास व 50,000 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई गई है। एडीशनल सेशन जज आशीष कुमार शर्मा की अदालत ने थाना सदर भिवानी में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में एक आरोपी को दोषी ठहराते हुए दोषी को 05 वर्ष कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई गई। पुलिस ने एक व्यक्ति को मालपोश - फूलपुरा रोड से नशीला पदार्थ स्मैक/ हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। टीम द्वारा दी गई की शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा अंकित किया गया था।

वही ट्रायल के दौरान एडीए आत्म प्रकाश के द्वारा आरोपी के विरुद्ध कड़ी पैरवी की गई थी। पकड़े गए आरोपी राजबीर पुत्र सुरजन को अदालत द्वारा दोषी ठहराते हुए उसे 05 वर्ष की कैद तथा 50,000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त सजा के आदेश किए गए।

## दिमाग को शांत करके पढ़ें ताकि पढ़ा हुआ याद हो जाएः प्रोफ़ेसर सुमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सर्व शिक्षा अभियान द्वारा उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा स्कूल का मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत भिवानी जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्मिक विधालय सुई में कार्यक्रम आयोजित किए गया। कार्यक्रम के तहत स्कूल के बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार से वे अपने भविष्य में आगे बढ़े। इस मौके पर राजकीय महिला महाविद्यालय बवानीखेड़ा के फिजिक्स प्रोफ़ेसर सुमित चौहान ने स्कूली बच्चो को उनके भविष्य के बारे में बताया की वे किस प्रकार से आगे बढ़ सकते है । साथ ही उन्होंने बच्चो को आसानी से पढ़ने के टिप्स भी दिए की कम समय में किस प्रकार से वे पढ़ सकते है। पढ़ने के लिए किस प्रकार से माइंड को शांत करके पढ़ना है ताकि आसानी से पढ़ा हुआ याद भी हो।

प्रोफेसर सुमित चौहान ने बच्चों को बताया कि वे किस प्रकार से परीक्षा की तैयारी करे ताकि एग्जाम में अच्छे से वे लिख सके। उन्होंने बच्चो को बताया की अगर उनको आईएएस या फिर अगर डॉक्टर बनना है ।



प्रोफेसर सुमित चौहान ने बच्चो से कई सवाल किए बच्चो ने भी प्रोफेसर से सवाल पूछे की भविष्य में किस प्रकार के सब्जेक्ट ले । इस मौके पर प्राचार्य राजेश कुमार ने भी बच्चो को बताया कि वे किस प्रकार से आगे बढ़े और भविष्य को कैसे स्वर्णिम बनाये।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डॉ सुधा बुंदेला, सुमन जांगड़ा, प्रवीण कुमार सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## सेठ किरोड़ीमल शिक्षण महाविद्यालय में महिला जागरूकता शिविर का आयोजन

- महिला सशक्तिकरण में मील के पथर साबित होते है इस प्रकार के आयोजन : मनीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते एक वक्ता।

सेठ किरोड़ीमल चैरिटेबल ट्रस्ट रामगढ़ द्वारा संचालित सेठ किरोड़ीमल शिक्षण महाविद्यालय की लीगल लिटरेसी सैल एवं सामाजिक समरसता मंच भिवानी के तत्वाधान में माता अहिल्याबाई की जयंती के 300वें वर्ष के उपलक्ष्य एवं राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरएसएस प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप शास्त्री, मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे। इस मौके पर सेठ किरोड़ीमल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के महासचिव मनीष सिंघानिया एवं तथा कार्यकारिणी समिति सदस्य जितेंद्र गोयल ने कैंप में पहुंचे प्रदीप शास्त्री सहित जिला संयोजक प्रेम नाथ, अधिवक्ता ब्रिजमोहन कौशिक, विनोद अत्री, सोनिया अत्रि सहित सभी वक्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन डा. राजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप शास्त्री ने कहा कि माता अहिल्याबाई ने सैकड़ों वर्ष पूर्व महिला सशक्तिरण का पाठ पढ़ाया था।

### फरियादियों को समाधान के साथ-साथ उनको संतुष्ट भी करें अधिकारीः डीसी

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविर की मोनिर्टिंग कर रहे हैं। इसलिए अधिकारी समाधान शिविर में आने वाले फरियादियों की फरियाद को सुनकर उसका त्वरित समाधान करें और उनको संतुष्ट भी करें। शिकायत कर्ता को दोबारा उसी मामले में न आना पड़े। समाधान शिविर का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं में आने वाली समस्याओं को निपटाकर उनका लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच सकें। उपायुक्त महावीर कौशिक लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड, बिजली, पेयजल सप्लाई आदि से संबंधित शिकायतें सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें और उसका संभावित त्वरित समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायत कर्ताओं की शिकायतों के समाधान की प्रक्रियाओं बारे पूरी जानकारी देकर संतुष्ट करें। समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता से समाधान करें। समाधान शिविर में नगराधीश अनिल कुमार, डीडीपीओ आशीष मान, समिति के गैर सरकारी सदस्य रामकिशन हालुवासिया व नंद राम धानिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों पर करें त्वरित कार्रवाईः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सीएम विंडो पर आने वाली हर शिकायत पर त्वरित कार्यवाही होनी चाहिए। सीएम विंडो मुख्यमंत्री की महत्वकांशी योजना है, जिसके तहत लोगों की शिकायतों का निपटारा करके उन्हें राहत प्रदान करने की कोशिश की जाती है। उपायुक्त मुनीश शर्मा के निर्देशों पर सीटीएम जितेन्द्र ने शुक्रवार को सीएम विंडो की शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका समयबद्घ निपटान सुनिश्चित करें। प्रत्येक शिकायत को अंडरटेक करके उसका समाधान करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी हर रोज अपना पोर्टल चैक करें और समय पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करें, किसी भी हाल में आने वाली प्रत्येक शिकायत को 24 घंटे के अंदर अंडरटेक किया जाए। उन्होंने सभी कार्यालय अध्यक्षों को आदेश दिए कि प्रतिदिन सीएम विंडो को एक बार अवश्य खोल कर देखें। शिकायत मिलते ही उसका प्राथमिकता के साथ समाधान सुनिश्चित करें, उसे ओवरडयू न होने दें। जो भी एक्शन टेकन रिपोर्ट बनाएं, वह मजबूत और संतोषजनक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों को रिव्यू करें। इस कार्य में केवल कागजी कार्यवाही तक सीमित न रखें, बल्कि स्वयं संज्ञान लेकर उस समस्या का समाधान करें ।



### 8 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया के निर्देशानुसार विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के तहत बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक एडीआर सेंटर के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें प्राधिकरण के सचिव कम सीजेएम पवन कुमार के नेतृत्व में जिले के अधिकारियों ने भाग लिया। प्राधिकरण के सचिव कम सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कानूनी विवादों का निपटारा जल्द से जल्द और सस्ते तरीके से करने के उद्देश्य से किया जाता है। इस अदालत के तहत आम नागरिकों को कोर्ट की जटिल प्रक्रियाओं से बचाया जाता है और उन्हें सरल, सुलभ और त्वरित न्याय मिल सके, यही मुख्य उद्देश्य है। प्राधिकरण के सचिव कम सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि इस बार के आयोजन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मामलों को हल करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि जिले के नागरिकों को न्याय जल्दी मिल सके। बैठक में सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने विभाग से जुड़े मामलों की सूची तैयार करें और इन मामलों को लोक अदालत में लाने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू करें। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन से पहले सभी संबंधित अधिकारी और वकील तैयार रहें ताकि किसी भी प्रकार की कोई बाधा न आए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

बैठक | एडीसी ने नाकोर्ड कमेटी को लेकर की अधिकारियों के साथ बैठक

# सामूहिक प्रयासों से ही नशे से बचेगी युवा पीढ़ीः एडीसी

हमारे युवा नशे के प्रति जल्दी हो जाते हैं आकर्षित :अतिरिक्त उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

नशा किसी भी भरे पूरे परिवार को खत्म कर सकता है। युवा अवस्था के दौरान नशे की ओर आकर्षित होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। ऐसे में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सबको मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे।

इसी से युवाओं को नशे से बचाया जा सकता है। अतिरिक्त उपायुक्त विश्वजीत चौधरी ने नाकोर्ड कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नशा किसी के लिए भी किसी भी रूप में और किसी भी स्तर पर सही नहीं है। हमारे युवा नशे के प्रति जल्दी आकर्षित हो जाते हैं, ऐसे में हम सभी को मिलकर युवाओं की ऊर्जा को लगाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत है। नशा किसी भी भरे पूरे परिवार को खत्म कर सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए हम सबको मिलकर सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए प्रशासन और पुलिस संयुक्त रूप से कार्यवाही करे। साथ ही नशा विरोधी गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने में सभी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में नशा करने वालों और नशीले पदार्थ बेचने वालों की गम्भीरता से निगरानी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नशा मुक्ति को लेकर ग्राम स्तर और वार्ड स्तर पर गठित कमेटी की नियमित बैठके आयोजित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए शिक्षण संस्थानों को भी आगे आना होगा और सख्त नियम बनाने होंगे। शिक्षण संस्थान नशा के खिलाफ जागरूकता को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



ADARSH SR. SEC. SCHOOL
Committed to Excellence in Education for 46 Years
Stream: Medical, Non-Medical, Commerce, Arts
A Complete Science School with Excellent Schooling
BAUND KALAN (CH. DADRI)
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सम्मानित, क्षेत्र का एकमात्र विद्यालय
Expert Staff Requirement 2025-26
- PGT's: English, Hindi, Computer Science (Each 02) Physics, Biology, History, Economics, Phy. Education, Geography (Each 01)
- TGT's: English, Hindi, Social Science (Eng.) (Each 02) Maths, Art & Craft, DPE (Basketball, Handball, Volleyball) (Each 01)
- Female Receptionist: 01. Coordinator (Academic Expert): 01
- PRT's: Primary Teacher (All Subject) 06
- Mother's Teacher For Pre-Primary (Fluent in English): 05
- Activity Teacher cum Dance Teacher: 02
- Primary Coordinator (Academic Expert): 01

Send Your Resume on our Email Id: adarshbaund1979@gmail.com
WALK IN INTERVIEW on Every Sunday from 10:00 am to 1:00 pm) (16 Feb., 23 Feb. 2025)
Salary: As per norms for Deserving Candidates.
Contact No.: 9813506088, 9813506086, 8059999666